बृहस्पति का एक पट्टा गायब हुआ



जब भी हम बृहस्पति का चित्र देखते हैं, तो उस पर मौजूद दो पट्टों पर ज़रूर ध्यान जाता है। आप शायद यह जानकर चौंक जाएंगे कि इनमें से पट्टा गायब हो गया है। और जो कुछ हुआ है वह अचानक हुआ है।

बृहस्पति पर ये दो पट्टे उसकी विषुवत रेखा के दोनों ओर यानी प्रत्येक गोलार्ध में एक-एक है। मगर 8 मई 2010 के दिन एक शौकिया खगोल शास्त्री ने बृहस्पति की जो तस्वीर खींची उसमें दक्षिणी गोलार्ध वाले पट्टे का नामो निशान नहीं था।

इससे पहले बृहस्पति का अवलोकन 2009 के अंतिम दिनों में किया गया था। इसके बाद यह ग्रह सूर्य के काफी नज़दीक आ गया था और पृथ्वी से इसका अवलोकन संभव नहीं रहा था। फिर अप्रैल 2010 के शुरू में जब यह फिर से नज़र आया तो पट्टा नदारद था।

वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले 1973 व 1990 के दशक की शुरुआत में भी एक पट्टा गायब हो चुका है। 1973 में नासा के पायोनियर-10 अंतरिक्ष यान से प्राप्त तस्वीर में भी पट्टा गायब था।

पासाडेना की जेट प्रपल्शन लेबोरेटरी के ग्लेन ओर्टन का मत है कि पट्टा संभवतः हल्के बादलों के पीछे ओझल हो गया है। उनके अनुसार हम बृहस्पति के बादलों की अलग-अलग परतें देखते हैं और इसी कारण पट्टा कभी-कभी गायब हो जाता है। मगर यह स्पष्ट नहीं है कि समय-समय पर ऐसे सफेद बादल बनने की वजह क्या है। वैसे हाल के वर्षों में बृहस्पति के नज़ारे में अन्य कई परिवर्तन भी देखे गए हैं। जैसे उसके धब्बों का रंग बदल गया है। ओर्टन के मुताबिक वहां बहुत कुछ घट रहा है। ***(स्रोत फीचर्स)***